an>

Title: Need to provide free LPG connections under 'Ujjwala Yojana'.

श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी (बस्ती) : उपाध्यक्ष महोदय, माननीय प्रधानमंत्री जी और भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय ने देश में महिलाओं की स्थिति को देखते हुए, महिलाओं को तरह-तरह की बीमारियां होती थीं, उससे छुटकारा पाने के लिए भारत सरकार ने प्रधानमंत्री 'उज्ज्वला योजना' लागू की। यह बहुत अच्छी योजना है। उस योजना के तहत, मैंने स्वयं अपने संसदीय क्षेत्र बस्ती में लगभग ग्यारह हजार गरीब परिवारों को नःशुल्क गैस का कनेक्शन वितरित किया, लेकिन जब मैं वहां पर जा रहा हूं तो जो गैस कनेक्शन पा रहे हैं, वे बहुत खुश हो रहे हैं। भारत सरकार ने वर्ष 2011 में सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना करवाई थी, उस सूची के आधार पर लोगों को गैस कनेक्शन दिया जा रहा है, लेकिन अगर मुखिया के रूप में पुरुÂष का नाम सूची में है तो उनको वह नहीं मिल रहा है। अगर महिला का नाम सूची में है, तभी वह मिल रहा है।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मेरा निवेदन करता हूं कि जो सूची त्रुटिपूर्ण है, उसको ठीक किया जाये। जो लोग उस सूची में आने से वंचित हैं, उन गरीब परिवारों को भी भारत सरकार 'उज्ज्वला योजना' का लाभ दे।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Dr. Kirit P. Solanki, Shri Bhairon Prasad Mishra, Shri Sharad Tripathi, Shri C.P. Joshi, Shri Jagdambika Pal and Shri Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Harishchandra *Alias* Harish Dwivedi.